तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार, 12 दिसंबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 वन चौपाल में वन और जलवायु परिवर्तन ...



12 चिराग परियोजना पर मिला किसानों ...



## खबर संक्षेप



### गांव के गौरव दिनेश का किया सम्मान

**चारामा।** कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ ग्राम रतेसरा द्वारा गांव के गौरव दिनेश नरेटी का सम्मान किया गया। वर्तमान में जिला बलरामपुर के तहसील रामानुजगंज में नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थ हैं। बचपन से ही प्रतिभाशाली बच्चों के श्रेणी में रहे जो कि गांव के प्राथमिक विद्यालय से पढ़ाई कर शहर के इंजीनियरिंग कॉलेज में अपना पढ़ाई पूर्ण कर वर्तमान में नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थ हुए। उन्होंने अपने कामयाबी का पूरा श्रेय माता पिता के आशीर्वाद, सपोर्ट और लगनशील मेहनत बताया। गांव के आने वाली पीढ़ी को भी यही संदेश दिया और गांव विकास में अपना निरंतर योगदान देने एवं अपने जन्मभूमि को आगे बढ़ाने की चाहत बताया। सम्मान समारोह में गांव के सभी प्रतिष्ठित नागरिक, युवा एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### केसीसी ऋण में दी जाएगी छूट

**दुर्गूकोंदल।** केसीसी ऋण लेकर लंबे समय तक ऋण राशि जमा नहीं करने वालों के लिए स्टेट बैंक ने ऋण समाधान 2024-25 योजना लाया है। इस योजना के अनुसार पुराने केसीसी ऋण राशि में छूट दी जाएगी। बैंक प्रबंधक जीतराय हेमरोम ने बताया कि सभी पात्र खातों में एनपीए की तारीख से अनुमानित ब्याज में छूट, केसीसी ऋण के कुल बकाया राशि में 25 से 50 प्रतिशत तक की छूट, कानूनी व अन्य अतिरिक्त व्यय माफ किया जाएगा। इसके लिए नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर को भानुप्रतापपुर में आयोजित की गई है।

### यातायात पुलिस को सौंपे बैरिकैड्स



**कांकेर।** यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने और आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस कांकेर को बैरिकेड गोयल ग्रुप के माइंस प्रबंधन द्वारा बेरिकेड्स दिया गया। इस मौके पर गोयल ग्रुप की ओर से रवि तिवारी और अतुल जैन के अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा, टीआई मनीष नागर, प्रधान आरक्षक बाला नेताम, पवन नेताम, वेद कुमार मंडावी, नगर सैनिक दयालूराम उसेंडी व अन्य उपस्थित रहे।

### रबी फसल के लिए बीज का निःशुल्क वितरण



**अंतागढ।** विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम बैलोंडी एवं चिचगाँव के कृषकों को एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत रबी फसल प्रदर्शन के लिए निःशुल्क बीज वितरण किया गया। आयचोजित निःशुल्क बीज वितरण में गेंहू किस्म जेडब्ल्यू 3382 सीएलएल,40 किलोग्राम प्रति कृषक एवं चना किस्म आरवीजी 202, 30 किलोग्राम प्रति कृषक जागेश मरकाम, अगनुराम नेताम, रमेश, दायोबाई, सोनूराम, सुधिया बाई, रामसिंह मंडवी व रामनाथ को बीज वितरण किया गया। वितरण पश्चात वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अंतागढ़ एमएल शोरी द्वारा बीजोपचार विधि, जिसमें प्रति किलो ग्राम बीज पर 5 ग्राम जैविक फफूंद नाशक ट्राइकोडर्मा विरडी से उपचार की विधि जीवंत करके बताया गया एवं गेंहू की क्यारी विधि से ▸▸ शेष पेज 10 पर

**विकास : नियद नेल्लानार योजना के तहत माओवाद प्रभावित क्षेत्रों का हो रहा विकास**

# युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों की हो रही सीबीआई जांच, किसी को बख्शा नहीं जाएगा : सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- पखांजूर में खेल निर्माण के लिए 2 करोड़ और नालंदा परिसर लाइब्रेरी की घोषणा
- पखांजूर से मायापुर सड़क के सुदृढ़ीकरण के लिए पौने 9 लाख की घोषणा

जिले के संवेदनशील क्षेत्र पखांजूर का प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले के संवेदनशील ईलाके में पखांजुरवासियों से संवाद करते हुए उनकी माँग पर पखांजूर से मायापुर सड़क सुदृढ़ीकरण के लिए 8.78 करोड़ रुपए, खेल परिसर निर्माण के लिए 02 करोड़, नालंदा परिसर लाइब्रेरी स्थापना की घोषणा तथा सिविल अस्पताल के मरम्मत कार्य के लिए 30 लाख की घोषणा किया। मुख्यमंत्री ने 02 अरब 54 करोड़ 15 लाख रुपए के 68 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। पांच साल में युवाओं के भविष्य के साथ जो खिलवाड़ किया गया है, खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पखांजूर के नेताजी सुभाष स्टेडियम में 11 दिसंबर को सुशासन का एक साल थीम पर







आधारित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश की सरकार का एक साल पूरा होने जा रहा है और इतने कम समय में जनता से किए गए वायदों को पूरा करने सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार गठन के तुरंत बाद 25 दिसंबर को सुशासन दिवस पर किसानों को अंतर की राशि का भुगतान किया, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नए प्रकरण स्वीकृत हुए। तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए के मान से प्रति मानक बोरा खरीदा जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि बस्तर के विकास के लिए सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है। नियद नेल्लानार योजना के तहत माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, वहीं विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास से जोड़ने पीएम जनमन योजना चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री श्री ने कहा कि प्रदेश में नई उद्योग नीति लागू कर व्यवसाय और उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी तरह राज्य पीएससी की परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सीबीआई लगातार कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री ने बस स्टैंड पखांजूर में नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष असीम रॉय की प्रतिमा का अनावरण किया।

### महिलाओं को मिला महतारी योजना का लाभ

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि पिछले एक साल में साय सरकार ने प्रदेशवासियों के लिए अनेक कार्य किए। महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगातार आवास बन रहे है। किसानों से लेकर हर वर्ग का कल्याण हो रहा है।

### सरकार सभी क्षेत्र में कर रही विकास

अंतागढ़ विधायक विक्रम देव उसेंडी ने कहा कि एक वर्ष में सरकार ने सभी वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया है और सभी क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने लगातार प्रगति किया है। सरकार ने चुनाव के पहले जो वादा किया, उन वादों को पूरा करने में लगी हुई

### जिले की उपलब्धियों को गिनाया

कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले की प्रगति और उपलब्धियों पर आधारित प्रतिवेदन का वाचन किया। उन्होने बताया कि मछली व जल संरक्षण में कई काम हुए, उसी का परिणाम है कि जले को राष्ट्रीय स्तर पर पुरूस्कार मिले है।

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में कांकेर विधायक आशाराम नेताम, नगर पंचायत पखांजूर अध्यक्ष मोनिका साहा, राज्य मत्स्य विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भरत मटियारा सहित पुलिस उपमहानिरीक्षक अमित तुकाराम कांबले, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. के. ऐलीसेला, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, प्रदेश मंत्री महेश जैन, सतीश लाटिया, दिलीप जायसवाल, राजा देवनानी, राजा पांडेय, मनोज मंडल, शंकर सरकार के अलावा वरिष्ठ नागरिक और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नशा है घातक, उन्मूलन समिति से दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर



हायर सेकंडरी स्कूल सेलेगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी के स्वयं सेवकों को नशा उन्मूलन मित्र के रूप में मनोनयन किया गया। यह टीम 14 से 29 वर्ष तक के युवकों को तंबाकू युक्त पदार्थों के सेवन न करने जागरूक करेंगे। नई टीम को शपथ भी दिलाया गया।

विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम सेलेगांव के हायर सेकेंड्री स्कूल में नशा उन्मूलन समिति का गठन किया गया, जिसमें चित्राक्षी भूआर्य, प्रियांशु देवांगन, युवराज, सुशांत, खुशबू साहू एवं कविता को शामिल किया गया। प्राचार्य जीआर नायक द्वारा स्कूली छात्रा छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 100 गज के रेंज में तबाकू का विक्रय एवं सेवन पूरी तरह प्रतिबंधित है। वरिष्ठ व्याख्याता सुमन ठाकुर ने बताया तम्बाकू का सेवन करने से कई तरह के कैंसर हो सकते हैं, जिसमें मुंह, जीभ, मसूड़े, पेट, ग्रासनली और मूत्राशय का कैंसर शामिल है। संचालन कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के एल कटेंद्र द्वारा किया गया।

इस अवसर पर व्याख्याता महेश साहू, प्रमिला कोरेटी, पुकेश्वर साहू, पीयूषा बंजारे,दिलीप साहू, गायत्री भूआर्य, जागृति ध्रुव, लीना दुग्गा, विजेंद्र बंजारे, यामिनी साहू सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।





## 19 युवक-युवतियों ने भिलाई भ्रमण का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

केंवटी में तैनात एसएसबी की 33 वीं वाहिनी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से 13 युवक एवं 06 युवतियों को रेल यात्रा एवं भिलाई भ्रमण करवाया गया और उनको इस अवसर पर कई जानकारियाँ भी मिली।

नक्सल प्रभावित से भेजे गए दल को ट्रेन के माध्यम से भिलाई भेजा गया और भिलाई स्टील प्लांट की कार्य प्रणाली को दिखाया जाएगा और अन्य दार्शनिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। भिलाई भ्रमण का उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को ग्रामीण परिवेश से बाहर लाकर आधुनिक भारत को दिखाना ओर उनके मानसिकता को बदलना है और साथ ही युवाओं को विकास की धारा से जोड़ने, उनमें सुरक्षा एवं देश भक्ति की भावना पैदा करना है। एसएसबी इस तरह के कार्यक्रम समय समय पर आयोजित करती रहती हैं। एसएसबी के कमांडेंट महेंद्र ठाकुर नें बताया कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस में सुरक्षा बलों के प्रति भरोसा पैदा करना तथा युवा पीढ़ी के मन के देश भक्ति की अलख जगाना है। एसएसबी द्वारा पहले भी तरह तरह के कार्य किए गए हैं और आगे भी किए जाते रहेंगे। इस मौके पर एसएसबी कैम्प केवटी के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

## कृषि कालेज की छात्र-छात्राओं ने एग्रो इंडस्ट्रियल भ्रमण करके राइस मिल की कार्य प्रणाली समझी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिंगारभाट में अध्ययनरत बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं को ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के अंतर्गत एग्रो इंडस्ट्रियल भ्रमण कराया गया और उसकी कार्यशैली के बारे में बताया गया।

महाविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम के अंतर्गत छात्रों के शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ कृषि क्षेत्र से जुड़े व्यवसाय एवं उद्योग की भी जानकारी दी जाती है, जिसके अंतर्गत प्रमुख कृषि उद्योगों का दौरा किया, जिसके अंतर्गत राइस मिल, अक्वा एवं मिल्क के औद्योगिक इकाइयों का दौरा किया गया। राइस मिल के दौरे के दौरान छात्रों ने राइस मिल की प्रक्रिया को समझा, जहां धान को चांवल के उठाव से लेकर उसके मिलिंग तक सभी मशीनरी का उपयोग तथा कार्यविधि समझाई गई। साथ ही राईस मिलिंग का चलते हुए प्रत्यक्ष अनुभव भी कराया गया। धान में उपस्थित कचरा जैसे धान की भूसी, डंठल, पोचवा धान तथा मिट्टी आदि को छलनी, वैक्यूम सेपरेटर, साइक्लोन आदि द्वारा एक एक प्रक्रिया से गुजारा जाता है। साफ धान को अरवा चांवल के लिए मिलिंग प्रक्रिया से गुजारा जाता है, तत्पश्चात प्राप्त चांवल को कलर सोरटिंग मशीन से गुजारकर गुणवत्ता आधरित छंटाई की जाती है, फिर ग्रेडिंग मशीन द्वारा चांवल को उनके आकार एवं आकृति के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में बाँटा जाता है।

अंत में पैकेजिंग इकाई द्वारा इन्हे विभिन्न प्रकार के बारदानों में पैक कर लिया जाता है एवं उसना चांवल को बनाने के लिए धान को डूबने एवं 150 सेल्सियस ताप पर उबालने के प्रक्रिया के संबंध में छात्रों को जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि कैसे आधुनिक तकनीक से उत्पादन क्षमता बढ़ाई जाती है और अपव्यय को कम किया जाता है। इसके बाद छात्रों ने दूध उद्योग का दौरा किया, जहां प्रबंधक द्वारा कच्चे दूध को चिलिंग एवं पाश्चुराइजेशन जैसे विधियों का प्रयोग करके दूध के सेल्फ लाइफ को बढ़ाने के बारे में जानकारी दी गई, जिससे दूध को अधिक समय तक संरक्षित कर के रख सकते है। अक्वा में छात्रों को भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें प्रबंधक द्वारा क्षारीय जल को बनाने एवं उसमें उपयोग किए जाने वाले मशीनों जैसे मोटर, सैंडफिलटर, कार्बनफिलटर, हाइप्रेसर कार्टेज पंप, मेंब्रेन एवं एल्कलाइन मीडिया के संबंध में जानकारी दिया गया।

## महिला बाल विकास विभाग की टीम ने लैगिक उत्पीड़न से बचने के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय की लैंगिक उत्पीड़न एवं प्रताड़ना समिति द्वारा 11 दिसबंर को महिला उत्पीड़न एवं घरेलु हिंसा विषयों पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों के द्वारा छात्राओं को इन विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। महिला बाल विकास विभाग की टीम के सदस्य तुलसी मानिकपुरी ने छात्राओं को घरेलू हिंसा व लैंगिग उत्पीड़न, नवा अभियान योजना और महिलाओं से संबंधित समस्याओं के लिए विधि की विभिन्न धाराओं से अवगत कराया व नई-नई योजनाओं की जानकारी दी। महिलाओं को विधिक सहायता द्वारा भरण-पोषण, सखी वन स्टाप सेंटर और साथ ही वृद्धाश्रम की जानकारी दी। अमित बघेल ने चाइल्ड हेल्प लाईन द्वारा संचालित छात्राओं को भ्रूण हत्या, छात्राओं को शारीरिक, मानसिक विकास, सहभागिता का अधिकार, जीवन जीने का अधिकार व सुरक्षा का अधिकार एवं पाक्सो एक्ट से भी छात्रों को अवगत कराया गया। दत्तक ग्रहण महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित, साइबर क्राइम से होने वाले फ्राड के बारे में बताया गया। लोकेश्वरी साहू द्वारा आंगनबाड़ी में संचालित समन्वित योजना जिसमें गर्भवती, धात्री महिलाओं व किशोरी कन्याओं को इन योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई व एनीमिया की रोकथाम ▸▸ शेष पेज 10 पर

## आपरेटरों की हड़ताल से धान खरीदी होगी प्रभावित



**बनसागर।** आपरेटरों के हड़ताल पर जाने से धान खरीदी बंद करने की बात अमोड़ा लैंपस प्रबंधक नम्मूराम शोरी के द्वारा किसानों को 12 दिसंबर का टोकन वालों को एवं हड़ताल जब तक रहेगा तब तक धान खरीदी बंद रहने की बात कही है। धान खरीदी बंद होने से किसानो को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। किसानो का धान नही बिक पाएगा। अमोड़ा लैंपस के उपकेंद्र चवांड़ में उठाव नही होने से 10 दिसंबर से खरीदी बंद है।

**मंडल या जिले में एक से अधिक नाम आए, तो समन्वय समिति लेगी फैसला**

# भाजपा का निर्विरोध चुनाव पर जोर, समर्थकों को पद दिलाने नेता सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



भाजपा के संगठन चुनाव की शुरुआत हो चुकी है। प्रदेश के बूथों में चुनाव हो गया है। अब 15 दिसम्बर तक कांकेर जिले के 16 मंडलों में अध्यक्षों का चुनाव होना है, इसकी प्रक्रिया भी तेजी से चल रही है। जिले के कई नेता जो अध्यक्ष बनने के फिराक में है, वो अपने चहेतों को मंडल अध्यक्ष बनाने के लिए जुट गए है।

जानकारी के अनुसार भाजपा मंडल के अध्यक्ष के लिए निर्विरोध चुनाव पर जोर दे रही है। यही वजह है कि चुनाव के लिए प्रभारी भी तैनात किए गए हैं, ताकि वो आपसी तालमेल से एक व्यक्ति का निर्विरोध चुनाव करवा सके। इसके अलावा यदि कहीं नामों में न की सहमति नहीं बनती है, तो उसके लिए एक अलग फार्म भरवाया जाएगा। इस फार्म को समन्वय समिति को भेजा जाएगा। इस बार मंडल अध्यक्ष के चुनाव में जिले की जो नेतागिरी करने के लिए औचक उतरे है, वे कुछ ज्यादा ही रुचि ले रहे हैं। उनका प्रयास है कि आम सहमति से अपने समर्थकों को पद दिला सके। यही वजह है कि इसके लिए जोर अजमाइश का भी दौर शुरू हो गया है। रेत में दलाली और असामाजिक तत्तवों को मंडल अध्यक्ष बनाने के लिए एक गुट ज्यादा ही सक्रिय नजर आ रहा है। रेत दलालों और और असामाजिक तत्व को मंडल अध्यक्ष बनाया गया तो उनके वीडियों भी वायरल हो सकते है। दरअसल, आने वाले दिनों में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव होने है। ऐसे में इस चुनाव में मंडल और जिलाध्यक्षों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। इसके मद्देनजर वरिष्ठ नेता अपने-अपने स्तर पर कवायद तेज कर दिए है।

### जिलाध्यक्ष का चुनाव 30 तक

मंडल के चुनाव के बाद 30 दिसम्बर तक जिलाध्यक्षो का भी चुनाव कराया जाएगा। मंडल के 50 फीसदी के चुनाव पूरे हो गए, तो जिलाध्यक्षो के चुनाव की प्रकिया प्रारंभ कर दी जाएगी, इसीलिए जिलाध्यक्ष की लाईन में शामिल अपने चहेतों को मंडल अध्यक्ष बनाने के लिए जुटे हुए है।

### कोचिए के कब्जे से सात लीटर महुआ शराब जब्त

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत ओटेकसा निवासी 34 वर्षीय महेंद्र अंधारे अपने घर के पास अवैध रूप से शराब बेच रहा था। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने 10 दिसंबर को रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी को पकड़ा और उसके कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

**खबर संक्षेप**

## पायलट ने मोहन मरकाम को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट द्वारा एक महत्वपूर्ण समिति का गठन किया गया है। इस समिति का कार्य कांग्रेस पार्टी से निष्कासित नेताओं के पुनर्विचार और अन्य दलों से पार्टी में शामिल होने के इच्छुक नेताओं के आवेदनों की समीक्षा करना है। समिति यह तय करेगी कि किन नेताओं को पार्टी में शामिल करना है और किन्हें नहीं। इसके बाद वह अपनी रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को सौंपेगी। इस विशेष समिति में छत्तीसगढ़ से केवल चार नेताओं को जगह दी गई है। इनमें पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, वरिष्ठ नेता धनेन्द्र साहू और पूर्व मंत्री व पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम शामिल हैं। मोहन मरकाम को इस समिति में शामिल किया गया है। सचिन पायलट के नेतृत्व में यह समिति पार्टी को मजबूत करने और आगामी चुनावों में संगठनात्मक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य करेगी।



## 67 विकास परियोजनाओं के लिए 370 लाख मंजूर

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र में 370 लाख रुपये की लागत से 67 विकास परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। यह निर्णय क्षेत्रीय विधायक और बस्तर प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेण्डी के प्रस्ताव पर लिया गया। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रें को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना, आवागमन को सुगम बनाना और रोजगार के अवसर सृजित करना है। इन विकास कार्योर् में सीसी सड़क, पुलिया निर्माण, सामुदायिक भवन और सांस्कृतिक मंच का निर्माण शामिल है। ये कार्य कोंडागांव और माकड़ी विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में होंगे। प्रमुख कार्योर् में ग्राम चलका से गाता गुड़ी तक सीसी सड़क निर्माण, उमरगांव में मेला स्थल तक सड़क निर्माण, बफना पंचायत में पुलिया निर्माण, और माकड़ी विकासखंड के कई गांवों में सामुदायिक भवनों का निर्माण शामिल है। इसके अतिरिक्त, सांस्कृतिक मंच और रंगमंच निर्माण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रें में सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। पुलिया निर्माण और सड़कों की मरम्मत से ग्रामीणों को आवागमन में आसानी होगी। साथ ही, इन परियोजनाओं के जरिए स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित किए जाएंगे। सरकार का उद्देश्य इन परियोजनाओं के माध्यम से राज्य के अंतिम छोर तक विकास कार्य पहुंचाना है। विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने इन परियोजनाओं को क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर बताया और कहा कि इनसे ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा। स्वीकृत राशि से 67 परियोजनाओं के पूरा होने पर क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री सचिवालय प्राधिकरण प्रकोष्ठ ने 9 दिसंबर 2024 को इन कार्यों को मंजूरी दी।



# राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर निकालेंगे सायकिल रैली, होंगी स्पर्धाएं

**कलेक्टर ने आयोजन के संबंध में समय-सीमा की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय सीमा की बैठक में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्यों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और लंबित कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए उनके जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन के निर्देश दिए। इस दौरान सायकल रैली, स्कूलों और छात्रवास में खेल गतिविधियां एवं क्विज प्रतियोगिताएं तथा अमृत सरोवरों और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। साथ विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों का सम्मान भी किया जाएगा। कलेक्टर ने माओवाद पीड़ितों एवं समर्पितों को सभी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए भी सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक इसके अलावा राशन कार्ड के ईकेवायसी, आंगनबाड़ियों में शौचालय निर्माण सहित समय-सीमा में विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों पर कार्यवाही पर चर्चा हुई।



### मिशन मोड में कार्य करने के लिए निर्देशित किया

कलेक्टर ने बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल प्रमाणीकरण की जानकारी ली और कहा कि जल जीवन मिशन के कार्योर् में प्रगति लाते हुए प्राथमिकता के साथ पूरा करें। उन्होंने मनरेगा के लंबित कार्योर् में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों में एक दिन बैंकिंग डे का आयोजन कर वहां ग्रामीणों को बैंकिंग संबंधी आवश्यक जानकारी देने और सायबर अपराध के प्रति जागरूक करने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत विकासखण्डवार कार्योर् के प्रगति की जानकारी ली और सभी जनपद सीईओ को प्रगतिरत कार्योर् को पूर्ण करने के लिए मिशन मोड में कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**धान खरीदी : समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 3100 रुपए एकमुश्त देने की मांग**

# धान खरीदी में सरकार की वादाखिलाफी पर युकां बिफरी और किया तहसील कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी क़े निर्देश पर बड़ेराजपुर ब्लॉक मुख्यालय मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी क़े नेतृत्व मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम क़े दौरान कांग्रेस नेताओं ने जमकर साय सरकार को घेरा कहा की धान खरीदी मे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है धान क़े रकबा मे कटौती हो रही है सभी धान खरीदी केंद्रों मे बारदाने की समस्या है धान का उठाव नहीं होने से केंद्रों मे जगह की किल्ल्त है टोकन नहीं कटने से किसान परेशान हैं। वक्ताओं ने आगे कहा भाजपा चुनाव पूर्व कहा था प्रत्येक तीन पंचायतो मे धान खरीदी केंद्र खोली जाएगी प्रत्येक ग्राम पंचायत भवन मे धान क़े समर्थन मूल्य की राशि दी जाएगी 3100 रुपए धान का समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल की दर से एक मुश्त देने की बात कही थी परन्तु उनकी वादें उनकी घोषणाएँ केवल लोक लुभावने बनकर रह गयी आज किसानों को भारी तकलीफ हो रही है भाजपा को सिर्फ सरकार बनाने से मतलब होता है सरकार मे आने क़े बाद जनता से कोई सरोकार नहीं रहती। ज़ब छत्तीसगढ़ मे किसानों की सरकार थी कांग्रेस पार्टी की सरकार थी तब किसानो क़े विकास क़े लिए योजनाएं बनाई गयी धान क़े समर्थन मूल्य क़े अतिरिक्त राशि को राजीव गाँधी किसान न्याय योजना क़े नाम से दिया गया परन्तु भाजपा ने एक मुश्त 3100 देने की बात कर जुमलेबाजी की है कांग्रेस सरकार ने 2500 रुपए प्रति क्विंटल क़े दर से पैसा देने की बात कही गयी थी परन्तु केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य मे वृद्धि किये जाने पर 2500 से बढ़कर 2600 रुपए प्रतिक्विंटल क़े दर से पैसा देकर किसानों की आमदनी बढ़ाने का काम किया था ठीक वैसे ही आज भी केंद्र सरकार द्वारा पुनः समर्थन मूल्य मे वृद्धि की गयी है मानवीयता क़े नाते और अपने घोषणा पर अमल करते हुए प्रतिक्विंटल 3100रुपए देनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी एक दिवसीय धरना क़े माध्यम से मांग करती है किसानों को हो रही तकलीफ को खत्म कर 3100रुपए क़े दर से प्रतिक्विंटल धान का पैसा दें अगर ऐसा नहीं होता तो आगामी दिनों उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। कांग्रेस कमेटी के ब्लाक अध्यक्ष हीरालाल नेताम ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय धमकी देते हैं की किसानों क़े धान खरीदी क़े संबंध मे जो कोई भी बात करेंगे उनके खिलाफ कार्यवाही होगी मैं खुली चुनौती देता हुँ कांग्रेस पार्टी किसानों क़े साथ थी है और रहेगी किसानों क़े हित मे लड़ाई लड़ने जेल जाने को तैयार हैं हम।

- टोकन प्रणाली किसानों के लिए सिरदर्द बना ऊपर से बारदाने का संकट

### युवा कांग्रेस ने किया तहसील कार्यालय का घेराव

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस क़े निर्देश पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पिताम्बर नाग के उपस्थिति में केशकाल युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष संजय मरकाम के नेतृत्व में धान खरीदी मे किसानों को हो रही परेशानियों व धान क़े समर्थन मूल्य को लेकर कर रहे वादा खिलाफ़ी क़े विरोध मे,प्रदेश मे साय सरकार की अगुआई मे फलते फूलते नशे क़े कारोबार पर रोक लगाने महिलाओ बहनों पर हो रहे अत्याचार पर अंकुश लगाने छत्तीसगढ़ मे युवाओं को रोजगार क़े अवसर उपलब्ध कराने स्थानीय भर्ती को प्राथमिकता दिए जाने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर को लेकर बड़ेराजपुर तहसील कार्यालय का घेराव किया गया।

### ये रहे मौजूद

कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव मंहगू मरकाम, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हीरा लाल नेताम, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष जेठू मण्डावी, धन्नू मरकाम, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पिताम्बर नाग , विधानसभा अध्यक्ष संजय मरकाम, जिला पंचायत सदस्य प्रमिला मरकाम, संतोषी नेताम, प्रदेश महासचिव चरण मण्डावी जनपद उपाध्यक्ष श्यामा साहू, जनपद सदस्य रामचरण सोरी, पतिराम मरकाम, महेश मरकाम, घासुराम नेताम सरपंच संघ अध्यक्ष हीरासिंह नेताम, कमलेश ठाकुर, सरपंच गण में जेठू राम मरकाम, संतु मरकाम, सुरेश मरकाम,रामसाय मरकाम, बुधन मरकाम,एनएसयुआई जिलाध्यक्ष पप्पू मंडावी , प्रवीण मरकाम, राकेश कुंजाम, दिनेश नेताम, मिथलेश नेताम, सलेन्द्र कांगे , नरेन्द्र जैन, ताम्रध्वज नेवरा, बंशी मण्डावी, राधे बघेल, हीरामन पाण्डे, सहित भारी संख्या मे कांग्रेस और युवा कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता और किसान साथी मौजूद रहे।

# स्कूल फंड के फर्जी आहरण पर मिला कार्रवाई का आश्वासन, शिक्षक संघ का आंदोलन स्थगित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

बीआरसी कार्यालय एवं वेंडर के मिलीभगत से दर्जनों स्कूलों की अनुदान राशि के फर्जी आहरण की शिकायत देने उपरांत पर भी किसी तरह से कार्यवाही नहीं होने के चलते छ ग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ केशकाल ने धरना प्रदर्शन का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी केशकाल को सौंपा था। बता दे कि शालाओं की राशि फर्जी सील और फर्जी हस्ताक्षर से निकाले गए पैसों से ब्लॉक के शिक्षकों में काफी आक्रोश है।कार्यवाही में लेटलतिफी से संघ ने धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया था। इस विशाल धरना प्रदर्शन में केशकाल विकासखंड के समस्त शिक्षकों का, जिला और अन्य ब्लॉक मुख्यालय से संघ के पदाधिकारीगण का आना प्रस्तावित था। कलेक्टर कोंडागांव कुणाल दुदावत के निर्देश पर एसडीएम केशकाल अंकित चौहान ने संघ के प्रतिनिधिमंडल को चर्चा हेतु आमंत्रित किया। बैठक में प्रशासन की ओर से एसडीएम अंकित चौहान एवं तहसीलदार केशकाल विजय मिश्र शामिल हुए। इस बैठक में छ ग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष केदार जैन ने स्पष्ट शब्दों में कार्यवाही नहीं होने से अपनी नाराजगी व्यक्त की जिसमें अनुविभागीय अधिकारी केशकाल ने धरना स्थगित करने का आग्रह किया और शनिवार तक कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया।

इस पर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने आपस में सलाह मशविरा कर धरना प्रदर्शन स्थगित करने का फैसला किया। साथ ही कार्यवाही नहीं होने पर संघ ने एसडीएम केशकाल को बुधवार से उग्र प्रदर्शन का अल्टीमेटम दिया है। प्रतिनिधि मंडल में संभागीय सचिव शफीक भारती, जिला अध्यक्ष कौशल नेताम, जिला प्रवक्ता रोशना हिरवानी, ब्लॉक अध्यक्ष अमित मंडावी, श्यामलाल कोर्राम, दिनेश टेकाम, शोएब अली, सी के सलामे, हेमंत ठाकुर, रामसिंह नेताम, महेश शोरी शामिल थे। अमित मंडावी ने सभी शिक्षकों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए बताया कि निश्चित रूप से हमारी शिकायत को कलेक्टर ने गंभीरता से लिया है, अनुविभागीय अधिकारी ने समय मांगा है,सभी शिक्षकों के हितों की रक्षा संघ की प्राथमिकता है। कार्यवाही नहीं होने की दशा में आगामी रणनीति बनाई जाएगी।

# सुशासन के एक वर्ष पर स्वच्छता पखवाड़ा, तालाब की सफाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नगर पालिका परिषद कोंडागांव द्वारा सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 9 दिसंबर से 20 दिसंबर तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को शहर के बंधा तालाब में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया और स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ दिनेश डे की उपस्थिति में स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ 9 दिसंबर को साइकिल रैली के माध्यम से किया गया। जिसमें आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

### स्वच्छता अभियान का उद्देश्य

राज्य शासन के निर्देशानुसार, पखवाड़े के दौरान जनहितकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाना, लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान, और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना मुख्य उद्देश्य है। बांधा तालाब की सफाई के दौरान सीएमओ दिनेश डे, जिला समन्वयक रिया तिवारी, संतोष साहू, और स्वच्छता दीदियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### आगामी कार्यक्रम

स्वच्छता पखवाड़े के तहत 20 दिसंबर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें सफाई अभियान, रैलियां, और जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं, जो लोगों को स्वच्छता का संदेश देने के लिए अलग-अलग माध्यमों का उपयोग करेंगे। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित इस पखवाड़े का उद्देश्य स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण करना है।




# गुंडाधुर कालेज में सुशासन पखवाड़े का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ सरकार के कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल और अध्यक्षता डॉ. किरण नारुटी ने की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ तथा छात्र-छात्रएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और शहीद गुंडाधुर के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। जिला संगठक एनएसएस शशि भूषण कनौजे ने शासन की योजनाओं जैसे महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, छात्रवृत्ति प्रोत्साहन योजना और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. पटेल ने 9 से 20 दिसंबर तक व्याख्यान, सेमिनार और रैली के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देने की बात कही। डॉ. किरण नारुटी ने कहा कि विद्यार्थियों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक होना चाहिए ताकि वे इनका लाभ उठा सकें।

# एमएससी रसायन के विद्यार्थियों ने किया एनएमडीसी प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर महाविद्यालय, कोण्डागांव के एमएससी रसायनशास्त्र विभाग के छात्र-छात्रओं ने प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल के निर्देशन में नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का आयोजन रसायन विभागाध्यक्ष डॉ. अल्का शुक्ला, प्राध्यापक नसीर अहमद एवं कु. नीता नेताम के मार्गदर्शन में किया गया। प्लांट पहुंचने पर डीजीएम डॉ. प्रशांत शर्मा और लैब मैनेजर आकांक्षा पांडे ने प्लांट के इंफ्रास्ट्रक्चर की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्लांट प्रतिवर्ष 3 मिलियन टन स्टील का उत्पादन करता है, जिसमें लौह अयस्क किरंदुल से और कोयला ऑस्ट्रेलिया से मंगाया जाता है। इसके बाद छात्रें को विभिन्न प्रयोगशालाओं में ले जाया गया। जहां स्टील निर्माण की प्रक्रिया और अत्याधुनिक उपकरणों की कार्यप्रणाली समझाई गई। छात्र-छात्रओं ने आरएमएचएस लैब, कोक ओवन लैब, सीडीसीपी लैब, एचएमडीएस लैब, मेटलर्जिकल लैब, सिन्टर प्लांट लैब, और एसएमएस लैब का भ्रमण किया। यहां लैब इंचार्ज और टेक्नीशियन जैसे मैत्री सुकुमारी, संतोष पटेल, कौशल प्रधान, और अन्य कर्मचारियों ने गैस क्रोमेटोग्राफी, यूवी स्पेक्ट्रोस्कोपी, एक्स-रे फ्लुओरोसेंस स्पेक्ट्रोमेट्री जैसे उपकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भ्रमण का समन्वय एनएमडीसी के असिस्टेंट जनरल मैनेजर अनिल कोलार और उनके सहयोगी अखिल ने किया। उन्होंने स्टील प्लांट के आर्थिक, सामाजिक, और पर्यावरणीय प्रभावों पर भी चर्चा की और छात्रें को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

### मौजूद रहे ये

इस शैक्षणिक यात्र में रसायन विभाग की केमिकल सोसायटी के अध्यक्ष उत्तम साहु, उपाध्यक्ष चंचला हालदार, सचिव तरुण सेठिया, उपसचिव श्वेता सिंह समेत अन्य छात्र-छात्रएं मौजूद रहे। महाविद्यालय की रसायन सोसायटी द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रम छात्रें के कौशल और व्यक्तित्व विकास में सहायक साबित हो रहे हैं।

**आत्मा योजना उन्नत कृषि तकनीक को अपनाकर चौतू नेताम बना सफल कृषक**

# आत्मा योजना की तकनीक से रागी के उत्पादन में तीन गुना वृद्धि की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के हित में कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कई है। राज्य के अन्नदाताओं के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा भी दृढ़संकल्पित होकर किसानों के कल्याण और उनके उत्तरोत्तर प्रगति के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। जिले के कई किसान भी विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर आज समृद्ध एवं खुशहाल किसान के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। जिले के विकासखण्ड कोण्डागांव में स्थित ग्राम चिपावण्ड के 67 वर्षीय प्रगतिशील किसान चौतू नेताम ने अपनी मेहनत और नवीनतम कृषि तकनीकों के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में सफलता की एक नई मिसाल पेश की है। उनके 03 एकड़ 54 डिसमिल की भूमि पर उन्नत खेती से उन्होंने न केवल अपनी आय में वृद्धि की है बल्कि दूसरे किसानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं। पहले चौतू नेताम पारंपरिक तरीके से रागी की खेती करते थे और पुराने ढंग से बीज बोते थे। खरीफ मौसम में पारम्परिक खेती में छिड़कवा विधि से बीज बोने से उत्पादन में ज्यादा लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसके बाद कृषि विभाग ने उन्हें आत्मा योजना के तहत नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया, तो उन्होंने रागी की खेती में बदलाव करने का निर्णय लिया। रबी मौसम में चौतू नेताम ने रागी की फसल की कतार बोनी विधि को अपनाया, जिससे न केवल उनकी फसल का उत्पादन बढ़ा, बल्कि उनकी आय में भी वृद्धि हुई।



### उन्नत कृषि से तरक्की की राह पर चौतू राम

चौतू राम ने बताया कि कतार बोनी विधि से बीज का वितरण और सिंचाई ज्यादा व्यवस्थित और नियंत्रित हुआ है। जिसके कारण रागी की फसल का उत्पादन दोगुना हो गया। पहले जहां रागी की खेती 0.405 हेक्टेयर रकबा में उत्पादन केवल 4 क्विंटल होता था और केवल 12 हजार रूपये की आय प्राप्त होती थी। लेकिन अब कृषि में कतार बोनी विधि से बीजोत्पादन कार्यक्रम के माध्यम से नई तकनीक को अपनाने के बाद उत्पादन 9 क्विंटल हो गया। जिससे 45 हजार रुपये प्राप्त हुआ।

### विष्णु के सुशासन में किसान हो रहे समृद्ध

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में राज्य के किसानों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं, बल्कि उनके मेहनत और उत्पादन को उचित दाम भी मिल रहा है। किसानों की मेहनत को शासन की योजनाओं के माध्यम से उचित मार्गदर्शन प्रशिक्षण और सहायता मिल रहा है। जिससे वे समृद्ध और खुशहाल होने के साथ कृषि के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। चौतूराम जैसे कई ऐसे किसान हैं जिन्होंने अपनी मेहनत के साथ शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर कृषि के क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाते हुए अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं।

# आनलाइन कार्यों का विरोध, पटवारियों ने काली पट्टी लगाकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बिना सुविधा के ऑनलाईन कार्य दिए जाने से नाराज पटवारी प्रांतीय आव्हान पर सोमवार से काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है। वहीं क्रमवार विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। जिसके तहत 9 दिसम्बर से आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये जाने तक काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन करेगें।

राजस्व पटवारी संघ के प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप ने बताया कि इस सबंधं में राजस्व सचिव को ज्ञापन दिया जा चुका है। इससे पूर्व राजधानी रायपुर में प्रांतीय बैठक आयोजित की गई थी जिसमें सभी जिलों के अध्यक्ष व प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से पटवारियों को ऑनलाईन कार्यों में हो रही विभिन्न समस्याओं से राजस्व सचिव को अवगत कराया गया था। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष आनंद कश्यप ने बताया कि वर्तमान में राजस्व संबधी सभी कार्यों को भुईयां के माध्यम से ऑनलाईन किया गया है।

**पेज 9 के शेष**

### महिला बाल विकास...

के उपाय बताए गए। फरहीन नाज द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ओं योजना, रेडी टू इट, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना, महतारी वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, नोनी सुरक्षा योजना, पोषण पुर्नवास केन्द्र, छत्तीसगढ़ महिला कोष योजनाओं से संबंधित जानकारी दिया गया। आयोजित कार्यशाला प्राचार्य प्रो. जेके बारले, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक प्रो. बी समुन्द, सुनील कुमार साहू, मनोज कुमार, योगराज साहू, रश्मि नाग, रीना जामुनकर, क्रीड़ा अधिकारी महेन्द्र रजक, दीप्ति सोनी, माहेनूर सैयदा, तरन्नूम, नसरीन, ग्रंथपाल गुणवान सिंह, किशोर कुमार एवं आफिस स्टाफ कृष्णा कुमार नाग, लोकेश्वर कश्यप, महेश नेताम, रेखा तोप्पा, बिमला, अनुराधा, संतोषी व हिमांशी का योगदान रहा।

### रबी फसल के...

बुवाई एवं क्यारियों के मेडो पर सरसों की बुवाई कार्य किया गया, जिसमें रंजीता ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर, ऋषि कुमार असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर अंतागढ़, कृषक मित्र सोनूराम ध्रुव एवं किसान उपस्थित रहे।

# माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण से विकास को नई गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

माओवाद प्रभावित दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में तेजी से सड़क निर्माण कार्य जारी है, जिससे इन इलाकों में विकास को नई दिशा और गति मिल रही है।

■ दूरस्थ माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण से ग्रामीणों के जीवन में आ रहा बदलाव



नियद नेल्लानार योजना के तहत इन दुर्गम गांवों में सड़क निर्माण का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। माओवाद प्रभावित दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की कमी ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या रही है। लेकिन अब प्रदेश सरकार की योजनाओं और प्रशासन की सक्रियता से इन क्षेत्रों में विकास की नई लहर दौड़ रही है। हाल ही में इन दुर्गम गांवों तक सड़क निर्माण और हक्कुम मेल के संचालन ने इन दुर्गम गांवों के लोगों के चेहरों पर मुस्कान आई है। सड़क निर्माण से क्षेत्रीय सुरक्षा बलों की पहुंच भी आसान हो जाएगी, जिससे माओवादी गतिविधियों पर नियंत्रण में मदद मिलेगी। इस पहल से विकास की मुख्यधारा से वंचित गांवों को जोड़ने और स्थानीय निवासियों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने की दिशा में जोर मिलेगा। दूरस्थ माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में हो रहे सड़क निर्माण से ग्रामीणों को समय और संसाधनों की बचत हो रही है।

पहले जहां जंगलों और कच्चे रास्तों से घंटों का सफर तय करना पड़ता था, वहीं अब पक्की सड़कें बनने से लोग कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंच पा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनने से स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है, बच्चे अब समय पर स्कूल जा रहे हैं और सामान लाने-ले जाने में भी सुविधा हो रही है। सड़क निर्माण के साथ-साथ हक्कुम मेल यात्री बस संचालन ने भी ग्रामीणों के जीवन में नई उम्मीद जगाई है। पहले आवश्यक कार्यों के लिए जिला मुख्यालय जाना दुःसाध्य था, वहीं अब हक्कुम मेल के माध्यम से अब वे आसानी से शासकीय योजनाओं का लाभ में आसानी के साथ ही अपने परिवार और रिश्तेदारों से संपर्क कर पा रहे हैं।

### स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ मिलेगा रोजगार के अवसर

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से वे बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन कर रहे थे, लेकिन अब सड़क निर्माण से उन्हें स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधाओं की उपलब्धता के साथ रोज़गार के बेहतर अवसर मिलने से ग्रामीणों ने खुशी जताई। एक ग्रामीण महिला लक्ष्मी नाग ने कहा, पहले हमें अस्पताल जाने के लिए बहुत दिक्कत होती थी, पर अब सड़क बनने और हक्कुम मेल बस के संचालन से जीवन आसान हो गया है। यह हमारे लिए एक बड़ी राहत है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार और प्रशासन की इस पहल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे जीवन को बदलने में बहुत मददगार साबित होगी।

### शांति स्थापना में मील का पत्थर साबित हो रही

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि इन क्षेत्रों में सड़क निर्माण और हक्कुम मेल जैसी सेवाएं ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही हैं। यह विकास कार्य माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण से क्षेत्रों के विकास और शांति स्थापना में एक मील का पत्थर साबित होगी।

# बटालियन ने जनता के बीच कैलेंडर व पर्चों का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

मीडिया प्लान योजना के तहत 231वीं बटालियन सीआरपीएफ द्वारा जनता के बीच कैलेंडर, पर्चों का वितरण किया गया। सीआरपीएफ की 231वीं बटालियन द्वारा बस्तर के गांवों में जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। सुनील भावर कमांडेंट, 231वीं बटालियन सीआरपीएफ के निर्देशन में थाना अरनपुर और थाना जगरगुंडा के तहत आने वाले विभिन्न गांवों जैसे करेंपारा, वैयमपल्ली, स्कूलपारा, रियापारा, बुद्दीपारा, उत्तमपारा, कोंडापारा, गुमोदी, बुद्धिपारा, ध्रुवापारा, दोरापारा, इंदुपारा, ककाडी, पटेलपारा, स्कूलपारा में एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय जनता को नक्सली गतिविधियों से होने वाले नुकसान और उनके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान, स्थानीय भाषा में लिखे गए पर्चे के साथ में फोटोग्राफ वितरित किए गए और पोस्टर तथा फ्लेक्स बोर्डस सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए। इन पर्चों में बच्चों की शिक्षा के महत्व, सरकारी योजनाओं के लाभ, और नक्सली हिंसा से होने वाले नुकसानों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा बड़े-बड़े बैनर प्रमुख स्थानों पर लगाए गए, जिनमें नक्सल प्रभाव को रोकने और जनता के जीवन स्तर को सुधारने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। यह अभियान बस्तर के दूरस्थ गांवों में पुरुषों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सीआरपीएफ के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

## खबर संक्षेप

### जिले में 18 दिसंबर को शुष्क दिवस घोषित

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के अधीन छत्तीसगढ़ आबकारी देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 के तहत वर्ष 2024-25 की देशी, विदेशी मदिरा लाइसेंस शर्त की कंडिका 16 के तहत 18 दिसंबर को गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर शासन द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया गया है। अतः उक्त 18 दिसंबर 2024 को जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की समस्त देशी मदिरा दुकान सीएस 2 (घघ) एवं विदेशी मदिरा दुकान एफएल 1 (घघ) तथा एफएल 7 सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगी।

### 11 को रामाराम व 12 फरवरी को सुकमा में मेला

**सुकमा।** जिले के प्रसिद्ध रामाराम बस्तर की आदिवासी सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। जहां आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और छत्तीसगढ़ से सैकड़ों श्रद्धालु इस मेले में भाग लेते हैं। इस वर्ष रामाराम मेला 11 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। वहीं सुकमा मेला 12 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेले के आयोजन और समस्त व्यवस्थाओं के संबंध में मंगलवार को रामाराम मंदिर प्रांगण में देवी मां चिटमिट्टीन माता मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों की बैठक आहूत की गई। जिसमें रामाराम और सुकमा मेले का दिन और दिनांक तय किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मंदिर अधोसंरचना निर्माण के लिए परम्परागत देवी छापर को स्थायी सलैब परिसर बनाना प्रस्ताव किया गया। वहीं रॉक गार्डन का संधारण एवं रख-रखाव में स्थायी चौकीदार एवं सहायक पुजारी रखने का प्रस्ताव दिया गया। 1 जनवरी 2025 से मंदिर प्रतिदिन खुलेगा। विगत आय-व्यय पर समीक्षा एवं लेखा पंजियों का संधारण वार्षिक आम सभा में 7 जनवरी को होगा। इस दौरान बैठक में ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज देव, विधायक कवासी लखमा, दियारू राम बारसे, पोदिया मरकाम, आयताराम मंडावी, आयताराम बुंगरी, देवा सोड़ी, दामू सिरहा, योगेन्द्र सिंह राठौर, हुंगा सोड़ी, राजकुमार कोड़ी, वेको हुंगा, माड़वी भीमा, सीताराम कश्यप, सीताराम मौर्य, आयता, रवि कुमार गौतुल, विक्रांत सिंह देव, दुल्ला कलमू, पोड़ियामी राजा, पोड़ियामी जोगा, बहादुर सिंह ठाकुर, जगदीश नायक, मुनाराव मज्जी, अभिषेक सोमवंशी, लल्लू मड़काम, ऋषभ किशोर गुप्ता, पंकज सोलंकी, मदन सिंह, अमित नाग, मोहन सिंह ठाकुर, आयता सोड़ी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

### 16 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों के परिजनों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अर्न्तगत गाज गिरने से मृत्यु के 1 प्रकरण में मृतक मोटू कुरसम के निकटतम वारिस उनकी पत्नि श्रीमती फगनी कुरसम निवासी ग्राम जैवारम को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। इसी तरह नदी नाले के पानी में डुबने से मृत्यु के 3 प्रकरणों में से मृतक आयतु पोटामी के निकटतम वारिस उनके पुत्र गंगू पोटामी निवासी मेटापाल, मृतक योगेश्वर ताती के निकटतम वारिस उनके पिता महरू ताती निवासी ग्राम करेंमरका एवं मृतिका रीना पोड़ियामी के निकटतम वारिस उनके पिता लक्ष्मण पोड़ियामी निवासी जांगला सहित कुल 4 पीड़ितों के परिजनों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# मां गंगादई शासकीय महाविद्यालय का कोरापुट में शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर




मां गंगादई शासकीय महाविद्यालय बस्तर के छात्र-छात्राओं के बौद्धिक और मानसिक विकास के उद्देश्य से कोरापुट ओडिशा कोलाब डैम शैक्षणिक भ्रमण के लिए ले जाया गया । जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को कोलाब बांध की संरचना, निर्माण, आर्थिक एवं भौगोलिक परिदृश से बांध का उपयोग तथा बांध के स्थितिज ऊर्जा से गतिज ऊर्जा का उपयोग किस तरह से किया जाय इन सभी तथ्यों की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई एवं भ्रमण के दौरान प्रकृति से रूबरू होकर जैव विविधता एवं संरक्षण के बारे में भी संज्ञान लिए। साथ ही आसपास के स्त्रोतों से व्यापारिक, वाणिज्यिक का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। उसके बाद प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्र-छात्राओं को अन्य रोचक जानकारी प्रदान कर प्राध्यापकों द्वारा छात्र-छात्राओं के शंकाओं का निवारण किया गया।

उक्त शैक्षणिक भ्रमण में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं प्राचार्य भावेश कुमार नेताम महाविद्यालय प्रोफेसर्स रघुनंदन भूआर्य, डॉ. ज्ञान सिंह, डी. के.निषाद, विजय बोरकर के साथ अतिथि व्याख्याता अभिषेक बिसाई, केके यादव, राजकुमार वर्मा, लीलाधर प्रसाद साहू, यशपाल गौतम, शोभित कुमार रावटे, सुश्री प्रीती गुप्ता, श्रीमती रिंकी कोसरे, सुश्री तृप्ति साहू , वर्षा विश्वकर्मा एवं महाविद्यालय कार्यालयीन स्टॉफ शेषनारायण उईके, दशरथी यादव उपस्थित रहे।

# माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में नियद नेल्लानार योजना से पहुंच रही विकास की किरणें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नियद नेल्लानार योजना को सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में इस योजना का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा कैंपों के पांच किलोमीटर की परिधि में बसे गांवों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है।

नियद नेल्लानार योजना ने माओवाद प्रभावित इन गांवों में विकास की किरणें पहुंचा रही है और ग्रामीणों के जीवन में सुरक्षा, सुविधा और खुशहाली का नया अध्याय जोड़ा है। जिले में इस योजना के अंतर्गत 09 सुरक्षा कैंपों के दायरे में स्थित गांवों में 17 विभागों के सहयोग से 52 हितग्राही मूलक और 31 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया जा रहा है। यह पहल माओवाद क्षेत्रों विकास को गति देने के साथ ही ग्रामीणों के जीवन स्तर में भी सुधार ला रही है। योजना के तहत ग्राम सिलगेर, टेकलगुड़ियम और पुवर्ती में छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) विभाग द्वारा सोलर हाई मास्ट संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। इन सोलर संयंत्रों के माध्यम से रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा हो रही है होने के साथ ही ग्रामीणों को सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी आसानी हो रही है।

ग्राम पुवर्ती के निवासी हड़मा ने बताया कि पहले रात के समय गांव में अंधेरा छा जाता था, जिससे बाहर निकलना मुश्किल हो जाता था। लेकिन अब रोशनी के कारण हम सुरक्षित और आरामदायक महसूस करते हैं। साथ ही बच्चों को देर शाम तक खेलने में कोई परेशानी नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और क्रेडा विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुविधा उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आई है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना के तहत ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा दिलाने के साथ ही पात्र हितग्रहियों शत-प्रतिशत लाभ दिलाने की दिशा में काम कर रहे है। सोलर हाई मास्ट संयंत्र से ग्रामीण जीवन को बेहतर होने के साथ ही पर्यावरण-संवेदनशील विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि माओवाद प्रभावित इन क्षेत्रों में हर व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

# संच एकल विद्यालय के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा

लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के संच एकल विद्यालय के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इन खिलाड़ियों ने कबड्डी और खो-खो जैसे खेलों में अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से राष्ट्रीय खेलों के लिए चयनित होने का गौरव प्राप्त किया।

चयनित खिलाड़ी दिल्ली, उत्तरप्रदेश और ओडिशा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलों में बस्तर का प्रतिनिधित्व करेंगे। समारोह में क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें खेल की दिशा में मार्गदर्शन किया। गोयल ने खिलाड़ियों को आत्मविश्वास के साथ अपने खेल को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बस्तर के इन युवा खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और इनसे प्रेरणा लेकर अन्य युवाओं को भी खेलों में अपनी पहचान बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए।

इस अवसर पर लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के कई प्रमुख लोग भी उपस्थित थे,जिन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और उनकी सफलता की कामना की। भाजपा मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, जनपद सदस्य बसंत कश्यप, भरत कश्यप, संच एकल विद्यालय अध्यक्ष अजय बघेल, उपाध्यक्ष सुदरू सेठिया, नरेश खापर्डे, विकेश रंगारी, संच प्रभारी बलीराम मौर्य, सोनसिंग कश्यप, अमित अवस्थी, किरण ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बिना शिकायत डीईओ ने कर दिया सीएसी का स्थानांतरण

**सुकमा।** स्थानांतरित संकुल समन्वयक दीपक वाद्यकर को यथावत टाहकवाड़ा संकुल में रखने की मांग को लेकर बुधवार को तीन पंचायत के ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्टर से मुलाकात कर स्थानांतरण आदेश को स्थगित करने की मांग की। इस पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने ट्रांसफर को सरकारी प्रक्रिया बताते हुए यथावत रखने से इंकार कर दिया। तोंगपाल इलाके के टाहकवाड़ा, मारेगा और कनकापाल पंचायत के सरपंच महादेव वट्टी, सुकलूधन नाग और महादेई तीन दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों के साथ जिला मुख्यालय पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बिना किसी शिकायत पर संकुल समन्वयक का स्थानांतरण कोंटा कर दिया। विगत 15 सालों से सीएसी टाहकवाड़ा पंचायत में कार्यरत है, आज पर्यन्त तक पंचायत से किसी भी प्रकार की कोई शिकायत और कार्य में लापरवाही इनके द्वारा नही हुई है। पंचायत से बाहर इनके विरूद्ध मे जो शिकायत हुई है वो राजनीति के कारण हुई है। ग्रामीणों नमिला कहना है कि बिना स्पष्टीकरण के सीधा आदेश निकालना गलत कार्यवाही को दर्शाता है। स्थानांतरण आदेश स्थगित नहीं होने की दशा में संपूर्ण पंचायत काम बंद कर हड़ताल किया जाएगा। इस दौरान सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी और एआईएसएफ के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम मौजूद रहे।

### नक्सलियों के ब्लास्ट की साजिश नाकाम

**बीजापुर।** डीआरजी बीजापुर और बीडीएस बीजापुर की संयुक्त टीम द्वारा माओवादी विरोधी अभियान के दौरान मुनगा जाने के पगडण्डी रास्ते से 10 किलो का आईईडी बरामद किया गया, जिसे बीडीएस बीजापुर की टीम द्वारा मौके पर सुरक्षित रूप से नष्ट किया गया। कोबरा 210 और केरिपु 170 की संयुक्त टीम द्वारा कोंडापल्ली छूटवाई रोड से 5-5 किलो के 2 आईईडी बरामद किए गए, जिसे 170 वाहिनी बीडीएस टीम द्वारा मौके से बरामद कर सुरक्षित रूप से नष्ट किया गया। आईईडी प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाया गया था। टीम द्वारा नक्सलियों के नापाक मंसूबों को विफल करते हुए बड़ी ही सूझबूझ, सावधानी एवं सतर्कता पूर्वक अलग-अलग स्थान से तीन आईईडी को सुरक्षित बरामद कर नष्ट किया गया ।

# नियत तिथि तक उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा साप्ताहिक समय-सीमा के बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा पुनः सीएसआर एवं डीएमएफ के तहत कराए गए विभागीय निर्माण कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र की प्रस्तुति के संबंध में कहा कि नियत तिथि तक यदि विभागों द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे तो इन कार्यों के निरस्तीकरण की प्रक्रिया की जाएगी। अतः दो दिवस के अंदर विभाग प्रमाण पत्र जमा कराएं। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से उपयोगी एवं अनुपयोगी चिकित्सकीय उपकरणों के रखरखाव तथा क्रियाशील उपकरणों के संबंध में जानकारी चाही। इसके अलावा कलेक्टर ने कचरा प्रबंधन के उचित निपटान के लिए नगर पालिका तथा जनपद पंचायतों से अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए आपसी समन्वय से प्रभावी रणनीति बनाने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने जिले में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल प्रमाणीकरण की अद्यतन स्थिति एवं अपूर्ण निर्माण टंकी के संबंध में ना खुशी व्यक्त करते हुए इसे प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने को कहा। समय सीमा के बैठक में इसके अलावा संबंधित विभागों द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्राथमिक सहकारी समिति से जोड़ने के कार्यों में की गई प्रगति, युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन करने संबंधी दिशा-निर्देश, डीएमएफ मद से ग्राम पंचायतों में हाई मास्क लाइट लगाने हेतु स्वीकृति प्रदान करने, स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत के तहत सभी कार्यालयों में महीने के किसी निश्चित दिन साफ-सफाई कर अपशिष्ट पदार्थों को डिस्पोजल करने के साथ-साथ स्वच्छता में अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित किए जाने, टेकनार रोड की साफ-सफाई के लिए कार्ययोजना, दंतेवाड़ा जिले के 600 आंगनबाड़ी केन्द्रों का सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में उन्नयन, महिला एवं बाल विकास विभाग, राज्य में 06 वर्ष तक के बच्चों का 100 प्रतिशत आधार कवरेज सुनिश्चित करने, एवं पोषण ट्रैकर पोर्टल में आधार अपडेट किये जाने, प्रधानमंत्री सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना, जिले अंतर्गत 34 उप स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थापित सोलर पॉवर प्लांट बैटरी बैंको को आवश्यकता अनुरूप चिन्हांकित कर पृथक से कंट्रोल रूम बनाने हेतु सर्वे किये जाने जैसे विभिन्न समय सीमा प्रकरणों पर कलेक्टर द्वारा दिषा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।




# कॉन्ट्रेक्ट लेबर संघ का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



बचेली में खदान मजदूर संघ भिलाई शाखा बचेली के बैनर तले कॉन्ट्रेक्ट लेबर संघ का गठन आज किया गया। जो की निजी वाहन चालकों एवं ठेका श्रमिकों के हितो के लिए इसका गठन किया गया। संघ के स्थपना में खदान मजदूर संघ के अध्यक्ष दीप देवांगन एवं सचिव संतोष दास की भूमिका महत्वपूर्ण रही। संघ के सदस्यों और सैकड़ों मजदूरों निजी वाहन चालकों दवारा बैंड बाजे के साथ एकजूट होकर शहर में रैली निकली गयी। लौह अस्यक खदान एरिया होने से आस-पास के गांवो से हजारों के संख्या में मजदूरों के दवारा ठेका श्रमिक के रूप में यहां ठेकेदारों के पास काम किया जाता है, आज तक उनका कोई संघठन नहीं बना था, लेकिन खदान मजदूर संघ भिलाई शाखा बचेली के तत्वाधान मे मजदूरों के लिये एक सार्थक पहल हैं।

### रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

**जगदलपुर।** छग राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन सम्पन्न कराने के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस. ने बस्तर जिले के अन्तर्गत आने वाले नगर पालिक निगम जगदलपुर एवं नगर पंचायत बस्तर के लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 के नियम 14 के अन्तर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पालिक निगम जगदलपुर के लिए रिटर्निंग ऑफिसर अपर कलेक्टर चन्द्रिका प्रसाद बघेल, आयुक्त नगर पालिका निगम जगदलपुर निर्भय कुमार साहू, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अनुविभागीय राजस्व जगदलपुर भरत कौशिक, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चन्द्रा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री हीरा गवर्ना तथा नगर पंचायत बस्तर के लिए रिटर्निंग ऑफिसर अनुविभागीय राजस्व बस्तर अगर राम राणा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरूनपाल लहरे को नियुक्त किया गया है।



## खबर संक्षेप

### उपार्जन केंद्र प्रभारियों पर कार्रवाई की मांग

**पखांजुर।** वर्ष 2024 -25 धान उपार्जन केंद्र प्रभारियों को लेकर प्रारंभ से ही विवाद चल रहा है। परलकोट क्षेत्र के स्थित लैंपस के उपार्जन केंद्र प्रभारियों की नियुक्ति के संबंध में जाँच के लिए दल गठन किया गया और दल ने प्रतिवेदन भी दे दिया, जिसमें पाया गया कि समिति से बाहर के व्यक्तियों को उपार्जन केंद्र प्रभारी के रूप में नियुक्त करना विधि सम्मत नहीं था, जिसके चलते उपयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं कांकेर द्वारा तत्काल समस्त नियुक्ति को शून्य घोषित कर उनके निष्कासन करने की कार्यवाही लैंपस प्रबंधकों को दिया गया परंतु आदेश का पालन आज तक नहीं हो पाया। आदेश के पालन करवाने की माँग शिकायतकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है।

### जनपद स्तरीय जसनि शिविर हुआ स्थगित

**कांकेर।** जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दुर्गुकोंदल विकासखण्ड की ग्राम पंचायत भण्डारडिगी में गुरूवार 12 दिसम्बर को जनपद स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### भाजपा नेता ने जाना बच्चों का हाल



**बीजापुर।** बीते रविवार की रात पनीर खाने से धनोरा स्थित माता रुक्मणि आश्रम के नौनिहालों की तबीयत फूड पॉइजनिंग के कारण अचानक खराब हो जाने के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार जनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी के साथ पहुंचे भाजपा नेता श्रीनिवास रेड्डी ने नौनिहालों का हाल जाना। भाजपा नेता ने चिकित्सकों से बात कर परिवारजनों को आश्वस्त किया और कहा कि एक बच्ची का निधन दुखद है। अध्ययनरत बच्चों के साथ ऐसी घटना होना बहुत ही चिंताजनक है परिवारजनों के साथ हम पूरी तरह से खड़े हैं। रेड्डी ने बताया कि अब शेष सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं।


### कलेक्टर एवं एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने जिला अस्पताल पहुंचकर छात्राओं से मुलाकात कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्राओ का बेहतर ईलाज करने एवं वस्तुस्थिति से अवगत कराने सीएमएचओ डॉ बीआर पुजारी, सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर को निर्देश दिए हैं। वहीं एसडीएम को सतत निगरानी रखने को कहा। कलेक्टर एवं एसपी ने माता रूकमणी कन्या आश्रम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि खाना खाने के बाद बच्चों का पेट खराब होने से उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हुई। 35 बच्चे एडमिट हुए कल रात को दो बच्चों को झटके आने लगे जिसे जगदलपुर रिफर किया गया। वहीं रास्ते में एक बच्ची की मृत्यु हो गई। बच्ची का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में हो रहा है। सुबह एसडीएम, डीएसपी, सहायक आयुक्त, सीएमएचओ एवं फूड सेफ्टी ऑफिसर ने जांच किया और सैम्पल लेकर गए हैं जांच जारी है। जांच के बाद एवं पोस्टमार्टम के रिर्पोट के पश्चात ही वस्तुस्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## राहत : ग्रामवासियों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में हुआ सुधार

# वन चौपाल में वन और जलवायु परिवर्तन विभाग की उपलब्धियां ग्रामीणों से किया गया साझा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

उप वन परिक्षेत्र सरोना के वन प्रबंधन समिति चोरिया में 11 दिसम्बर को वन चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के तहत पिछले एक वर्ष में किए गए कार्यों को ग्रामवासियों के साथ साझा किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को विभाग की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों से अवगत कराया गया, जिनसे न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिली है, बल्कि ग्रामवासियों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है।

वन चौपाल आयोजन में शासन की प्रमुख उपलब्धियां ग्रामवासियों के साथ साझा किया गया, जिसमें तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब प्रति मानक बोरा 4000 रुपए से बढ़ाकर 5500 रुपए का वितरण किया जा रहा है, जिससे उन्हें बेहतर आर्थिक लाभ मिल रहा है। इस योजना के तहत इच्छुक कृषकों को 6 एकड़ तक भूमि पर निशुल्क 5000 पौधे लगाए जा रहे हैं। अब तक लगभग 29,077 कृषकों को 43,955.13 एकड़ भूमि पर 2,82,35,894 पौधे वितरित किए जा चुके हैं। वन प्रबंधन समितियों के खातों के माध्यम से व्यक्तिगत विकास, सशक्तिकरण और रोजगार से जुड़े कार्यों के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही है। वन क्षेत्र के हितग्राहियों को उनके अधिकारों के तहत वन अधिकार पत्र का वितरण किया जा रहा है, जिससे उनके जीवन में स्थिरता आई है। वन प्रबंधन समितियों और स्वच्छता समूहों को चक्रीय निधि के माध्यम से 4 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण दिया जा रहा है, जिससे वे स्वावलंबी बन रहे हैं। इस पहल के तहत प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। वन प्रबंधन समितियां और ग्रामवासी मानव और वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए सुझाव दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त तेंदुआ, भालू और अन्य हिंसक वन्य प्राणियों के द्वारा हुई क्षति के लिए मुआवजा राशि बढ़ाई गई है, जिसमें जनहानि 6 लाख रुपए, स्थाई रूप से अपंग होने पर 2 लाख रुपए, पशु हानि 30 हजार रुपए, फसल हानि 9 हजार रुपए प्रति एकड़, मकान क्षति 30 हजार से लेकर 1 लाख 30 हजार रुपए तक क्षति के प्रतिशत पर आधारित। कोदो, कुट्टी, रागी, लाख, और अन्य लघु वन उपज के उत्पादकों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है, जिससे उनके आर्थिक लाभ में वृद्धि होगी। वन चौपाल के आयोजन से ग्रामवासियों को इन योजनाओं और सहायता का सही लाभ प्राप्त हो सकेगा और छत्तीसगढ़ शासन के प्रयासों से न केवल वन्य जीवों का संरक्षण होगा, बल्कि ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

## कुम्हार कालेज के रासेयो स्वयंसेवक का एनआईसी कैंप के लिए चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल के राष्ट्रीय सेवा योजना के 10 स्वयंसेव जिसमें 05 छात्र एवं 05 छात्राओं का चयन राष्ट्रीय एकीकरण कैंप एनआईसी के लिए हुआ है, जो आज 12 से 18 दिसंबर तक बिहार के पटना में आयोजित होगा। यह चयन शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर की ओर से हुआ है। चयनित स्वयंसेवक छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिष्ठित प्रतिनिधित्व करेंगे।

राष्ट्रीय एकीकरण कैंप भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय पटना द्वारा आयोजित देशभर के विभिन्न राज्यों के रासेयो स्वयंसेवकों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां वे एकता, सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रशिक्षण लेंगे। यह कैंप स्वयं सेवकों को विभिन्न राज्यों के छात्रों के साथ मिलकर राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करेगा। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर के कार्यक्रम समन्वयक डा. डीएल पटेल ने कहा कि यह चयन हमारे स्वयं सेवकों के लिए न केवल एक सम्मान का प्रतीक है, बल्कि उनके व्यक्तित्व के विकास में भी सहायक सिद्ध होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे छात्रों की मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। एनआईसी कैंप में भाग लेने का अवसर उन्हें न केवल नया अनुभव देगा, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य का नाम भी रोशन करेगा। महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जीआर मंडावी एवं सभी शिक्षकगण ने इस उपलब्धि पर चयनित स्वयंसेवक का उत्साहवर्धन किया।

## चिराग परियोजना पर मिला किसानों को मिला प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

चिराग परियोजना के अंतर्गत जिला परियोजना प्रबंधन इकाई प्रशिक्षण प्रभारी सहायक संचालक उद्यान विभाग करन कुमार सोनकर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण समन्वयक प्रभारी उद्यान अधीक्षक मेघचंद देवांगन द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

आयोजित प्रशिक्षण शिविर में ग्राम पंचायत मानिकपुर, झलियामारी, कंहानपुरी, मुजलगोंडी, मारवाड़ी मरादेव, चवाड़ एवं पंडरीपानी के 430 किसान एवं आजीविका समूह के सदस्यों को न्यूट्रीटेशन, सपोर्टिव एंड रिसिलिएंट हॉर्टिकल्चर के विषय में प्रशिक्षक उपेन्द्र कुमार नाग, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्र, घृत कश्यप, राजेंद्र साहु, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी, पुष्पराज सेठिया, केके मेश्राम, तामेश्वर साहु, मन्नू लाल नेताम ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सुभ्रांसु पांडा के द्वारा पोषण बाड़ी, जैविक खेती सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, नर्सरी प्रबंधन, बीजों उपचार एवं उद्यान की फसलों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया और साथ ही फसल बीमा, केसीसी, ऑयल पाम की खेती के बारे में जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य सरपंच, उपसरपंच एवं उद्यानिकी मित्रो का प्रतिभागिता रहा।

## विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर शालेय पत्रिका वनजा का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जगतु माहरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं शालेय पत्रिका वनजा का विमोचन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर की महापौर श्रीमती सफीरा साहू एवं अध्यक्षता जिला शिक्षा समिति जिला पंचायत बस्तर के मनीराम कश्यप की रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी, शिक्षा समिति नगर निगम के अध्यक्ष योगेंद्र पांडे, मोतीलाल नेहरू वार्ड के पार्षद व एमआईसी सदस्य आलोक अवस्थी, प्रताप देव वार्ड के पार्षद एवं सभापति नगर पालिक निगम लोक निर्माण विभाग के सभापति यशवर्धन राव, दिगंबर राव नायडू, राकेश तिवारी, रीतेश सोनी, अखिलेश शुक्ला, पालक, संस्था के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, विद्यार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के वंदना एवं स्वागत से प्रारंभ हुआ तत्पश्चात प्राचार्य बी एस रामकुमार के द्वारा शालेय प्रतिवेदन के साथ अगले वर्ष संस्था के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी समारोह मनाए जाने की घोषणा की गई। शालेय पत्रिका वनजा का विमोचन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विमोचन के पश्चात संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। अंत में संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता जी सूर्या राव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। व्याख्याता हरेंद्र सिंह राजपूत एवं भुखन सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम का संचालन किया।




## बालिका वर्ग कबड्डी में अंचल की टीम रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के सयुंक्त पहल पर पिछले दिनों राजनांदगांव जिला स्तरीय खेलकूद का आयोजन किया गया था। जिसमे बस्तर जिले के 10 ब्लाक से 360 से अधिक बच्चों ने भाग लिया था। अंचल जगदलपुर की टीम जो बस्तर क्षेत्र के सुदूर वनवासी क्षेत्र के बालक-बालिका वर्ग जिला स्तरीय खेल अपना सर्वोच्च प्रदर्शन कर बस्तर का नाम रोशन किया। जिसमें लोहंडीगुड़ा ब्लाक के बालिका वर्ग कबड्डी में बच्चियों ने जीत हासिल किया। जिला स्तर में मिली जीत के बाद अब उन्हें राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयनित किया गया। जिसमें बालिका वर्ग कबड्डी में राज्य में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह खेल 7-8 दिसंबर को राजनांदगांव के गायत्री विद्यापीठ स्कूल में कराया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के हाथों से पुरस्कार प्राप्त कर अंचल जगदलपुर-बस्तर जिला का नाम रोशन किया। आने वाले दिनों में यह बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर खेलने भुवनेश्वर जाएंगे। इस अवसर पर में उपस्थित एकल अभियान अंचल एवं सम्भाग समिति द्वारा जगदलपुर पहुंचते ही सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को तिलक चंदन लगाकर उत्साह वर्धन करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति प्रभाग अध्यक्ष प्राची गर्ग, जिला अध्यक्ष कैलाश राठी, प्राथमिक शिक्षा विकास पारख, सचिव सुभाष राय, संस्कार सचिव निर्मल देवांगन, रथ प्रभारी हेमंत साहू, सुशील मिश्रा, महिला समिति, सुनीता बाफना, वर्षा सोमानी, शीतल सोमानी, ज्योति टांक, प्रभा देश पांडे, पी किरण, ज्योति चौहान, अंचल अभियान प्रमुख बलिराम मौर्य, हरीश शार्दुल, पदमावती मौर्य, कोच सोनसिंह कश्यप की उपस्थिति रही।

## भ्रष्टाचार उन्मूलन विषय पर हुई प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भ्रष्टाचार उन्मूलन विषय पर एनएमडीसी नगरनार द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल भगत सिंह में विविध कार्यक्रम करवाकर बच्चों को पुरस्कृत किया गया। एनएमडीसी नगरनार के सौजन्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भगत सिंह में पिछले दिनों भ्रष्टाचार उन्मूलन पर ड्राइंग पेंटिंग निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी।

प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हायर सेकेंडरी के लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजयी प्रतियोगियों को आज एनएमडीसी के वरिष्ठ अधिकारियों एस के नाग, अमित मिश्रा एवं प्रदीप चंद्र द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या विनीता बेंजामिन, व्याख्याता अनिल शुक्ला, अभिराम पटेल, चंद्र प्रकाश देवांगन, किरण चौहान, हेमावती चिंवाने, अंजू रावते, नीतू शर्मा, रोशनी शिंदे, योजना देवांगन व खिलेंद्री उपस्थित रहे।

## धान खरीदी नीति से किसान परेशान : रेखचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- नगरनार ब्लॉक में सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के आदेशानुसार पूर्व विधायक रेखचंद जैन व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बस्तर जिले के नगरनार ब्लॉक में प्रदेश के किसानो को धान बेचने में हो रही परेशानी तथा भाजपा सरकार के किसान विरोधी रवैये के विरुद्ध नगरनार ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर रेखचंद जैन ने नगरनार धान खरीदी केंद्र का सतत रूप से निरीक्षण कर बताया बस्तर जिला सहित पूरे प्रदेश के धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था के कारण आज किसान बेहद निराश व परेशान है। भाजपा सरकार की कोशिश रही है कि कम से कम धान खरीदी की जाये। बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। टोकन कटने की तारीख से 7 से 10 दिन बाद धान बेचने के लिये किसानों को बुलाया जा रहा है। 15 दिन बाद तक का भी टोकन नहीं मिल रहा। इलेक्ट्रॉनिक कांटा में जो तौलाई हो रहा है उसमें 1.5 किलोग्राम से 2.5 किलोग्राम अधिक तौला जा रहा है।

नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष लेखन बघेल, जलंधर नाग व अमित पांडे ने संयुक रूप से कहा कि भाजपा सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आयेगा, लेकिन जो लोग धान बेच चुके है, उनके खाते के रकम हफ्तो तक नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है। इस दौरान शहर जिला महामंत्री जाहिद हुसैन, जलंधर नाग, घनश्याम महापात्र, अमित पांडेय, संतोष सेठिया, संजय मसीह, प्रभु दास, तीताराम कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष तोकापाल सहदेव नाग समेत कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राज्य कर्मचारी संघ ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पदोन्नति की मांग को लेकर सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




राज्य कर्मचारी संघ छग से टी संवर्ग नियमित स्थापना चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन और विभागीय पदोन्नति समिति का गठन कर पदोन्नति आदेश जारी करने के सम्बन्ध में जिला शिक्षा अधिकारी से अनेकों बार लिखित एवं मौखिक रूप से वार्ता हुई है किन्तु इस संबंध में कार्यालय के द्वारा ऐसी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। जिससे पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण हो सके तथा कार्यालय की ढुल-मूल रवैया के कारण आज पर्यन्त संघ को केवल आश्वासन ही मिलता रहा है।

बैठक में राज्य कर्मचारी संघ छग के कार्यकारी प्रान्ताध्यक्ष रमऊ लाल सार्वा, प्रदेश प्रचार मंत्री चन्द्रप्रकाश देवांगन, संभागीय सचिव गजेन्द्र दिल्लीवार, जिला अध्यक्ष जेआरकोसरिया के नेतृत्व तथा उपाध्यक्ष एसआर भवानी, राधिका साहू, सीमा साहू, जिला सचिव प्रमोद कुमार यादव, सहसचिव रामकृष्ण प्रसाद, रामेश्वर यादव, सुमित प्रसाद, संगठन मंत्री विजय साहू, प्रचार मंत्री अमित कुण्डु, कार्यालय मंत्री दिनेश देवांगन, कार्यकारिणी सदस्य गौतम बघेल, रविकांत झा, व्ही आनन्द कुमार, देवेन्द्र दास, उमेन्द सोनवानी, नरेन्द्र देवांगन, प्रमोद बाघमार, दया राम बघेल, सुमित्रा ध्रुव, आरती निषाद, नेहा, निर्जला उईके, सरस्वती मण्डावी, गौरी कश्यप, सुकरी यादव, हेमलाल सिन्हा, कृष्णा बघेल, अनिल लाल, कैलाश कश्यप, विकास बिसाई, रिकी देवांगन तथा टी संवर्ग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की उपस्थिति में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गेट मीटिंग आयोजित हुई परन्तु पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई है।

संघ की मांग है कि उपरोक्तानुसार सम्पूर्ण कार्यवाही 15 दिवस के अन्दर पूर्ण कर पात्र कर्मचारियों का पदोन्नति आदेश शीघ्र ही विभाग द्वारा जारी किया जावे। 15 दिवस के अन्दर पदोन्नति आदेश जारी नहीं होने की स्थिति में बाध्य होकर राज्य कर्मचारी संघ 24 दिसम्बर को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व विरोध सभा की जावेगी।

शीघ्र कार्यवाही के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान संभागीय अध्यक्ष विक्रम सिंह परिहार, सम्भागीय कार्यकारी अध्यक्ष रोहित कुमार नेताम और जिला कार्यकारी अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह ने उपस्थित पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### मेकाज के डीन से मिले संघ के पदाधिकारी

**जगदलपुर।** प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ बस्तर के जिलाध्यक्ष एवं उप प्रांताध्यक्ष अजय परिहार ने मेकॉज के चतुर्थ स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व कर्मचारी मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में डीन डॉ. प्रदीप बेक से मुलाकात किए। जिसमें प्रमुख रूपेन्द्र सिंह, दयानंद पटेल, ओम प्रकाश ऊईके, मिलन विश्वास, गुजराल शार्दूल, भीखम साहू, नीरज कश्यप, श्रीमती जयंती साहू, श्रीमती ममता साहू, सुलेखा मानकर, श्रीमती सुलोचना शोरी, जयप्रकाश विश्वकर्मा, अरुण बरिहा, गोरेलाल पुजारी, रामलाल नेताम, विक्कू सिंह, मोहन कश्यप, दीपक मरकाम, हूंगा राम कर्मचारी शामिल रहे।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732